हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 10 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 सदन की बैठक में भाजपाई आपस में ...


11 भारत को हिमोफिलिया मुक्त बनाने के लिए ...


**ऑपरेशन सिंदूर: आपातकालीन स्थिति से निपटने को तैयार**

# पुलिस हाई अलर्ट पर, छुट्टियां रद अफवाहों से सावधान रहने की अपील

- जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए : एसपी
- सोशल मीडिया पर बिना जांचे कोई जानकारी साझा न करें
- संदिग्ध वस्तु दिखने पर हेल्पलाइन 112 पर संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पुलिस कर्मचारियों की छुट्टी रद कर दी गई है और उन्हें ड्यूटी पर तैनात रहने के भी आदेश दिए हैं। जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी नरेन्द्र बिजारणिया ने कही। उन्होंने कहा कि उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर बिना जांचे कोई जानकारी साझा न करें। संदिग्ध या लावारिस वस्तु दिखने पर हेल्पलाइन 112 पर संपर्क करें।

### अफवाहों से रहे सावधान

जिला पुलिस आयुक्त ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अफवाह फैलाएं नहीं बल्कि अफवाहों से बचें। हवाई जहाज को देखकर वीडियो ना बनाएं ना ऐसा कोई वीडियो सोशल मीडिया पर डालें जो हमारे देश के लिए अहितकारी हो सकता है।

### साइबर अटैक की संभावना

जिला पुलिस आयुक्त ने साइबर अटैक की संभावनाओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कोई नई ऐप डाउनलोड नहीं करनी है, क्योंकि वो आतंक का भी एप हो सकता है इसलिए साइबर अटैक से बचें और नई कोई भी एप डाउनलोड ना करें।


एसपी नरेन्द्र बिजारणिया

### ब्लैक आउट को लेकर बरते सावधानी

ब्लैकआउट को लेकर एसपी ने कहा कि घर में खिड़की जंगलें पर डार्क कलर के पर्दे लगाकर रखें। क्योंकि हो सकता है आपने जो अब पर्दे लगा रखे हो उनमें से रोशनी छनकर बाहर जा रही हो क्योंकि जब ब्लैक आउट होता है तो माचिस की तिल्ली भी नहीं जलनी चाहिए और ब्लैक आउट में आपके मोबाइल की लाइट भी कई घरों को बर्बाद कर सकती है क्योंकि अगर हवाई जहाज से अटैक हो गया तो क्योंकि कहीं भी छोटी सी रोशनी उनको दिख जाएगी तो वो वहीं पर अटैक कर सकते हैं। इस चीज का खास ध्यान रखें और डरे नहीं हमारी सेनाएं, हमारी सरकार और हमारा प्रशासन अलर्ट है, उनके ऊपर विश्वास रखें। इसके अलावा कुछ सूखा राशन, पानी की बोतलें, जरूरी सामान और दवाइयां इकट्ठा करके रखें और अपने आसपास के लोगों का भी ध्यान रखें।

### पीजीआईएमएस में 65 बेड और ट्रॉमा सेंटर के 120 बेड आपात स्थिति के लिए चिन्हित

**रोहतक।** भारत-पाकिस्तान के युद्ध के मद्देनजर पीजीआईएमएस ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल ने बताया कि संस्थान ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी न आने देने के लिए अपनी कमर कस ली है। डॉ. सिंघल ने बताया कि इमरजेंसी के 65 बेड और ट्रॉमा सेंटर के 120 बेड आपात स्थिति के लिए मार्क हैं। इसके अलावा, यदि कोई मॉस कैजुअल्टी आती है तो आपातकाल विभाग के 6 नंबर कमरे मे 20 बेड रिजर्व है।

#### पीजीआईएमएस: 2280 बेड की क्षमता

डॉ. सिंघल ने बताया कि 2280 बेड से अधिक की क्षमता वाला यह संस्थान सदैव आपदा से निपटने के लिए तैयार है। संस्थान के पास पर्याप्त मात्रा में ब्लड की यूनिट उपलब्ध है, जिसमें 900 से अधिक ब्लड यूनिट स्टोर किए गए हैं।

#### मेडिकल उपकरण और दवाइयां भी उपलब्ध

सेंट्रल स्टोर में 750 से अधिक प्रकार के मरीज के इलाज में प्रयोग होने वाले मेडिकल उपकरण और दवाइयां उपलब्ध हैं। इसके अलावा, पीजीआईएमएस ऑक्सीजन के मामले में भी पूरी तरह से आत्मनिर्भर है और 40000 लीटर लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन स्टोरेज टैंक भी संस्थान के पास उपलब्ध है।



#### पीजीआईएमएस तैयार

संस्थान अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।
-डॉ. एसके सिंघल, निदेशक पीजीआईएमएस

#### सावधान रहें, घबराएं नहीं

❑ सबसे पहले: जान बचाना प्राथमिकता है ❑ घर में सबसे सुरक्षित कमरा पहचानें (जहां खिड़कियां न हों) ❑ बाहर हों तो पास के मजबूत ढांचे या निचली जगह में लेट जाएं। ❑ तत्काल रिकॉर्डिंग या विडियो बनाने के लिए बाहर न दौड़ें। ❑ पहचान पत्र, जरूरी दवाइयां, पानी, सूखा खाना, मोबाइल चार्जर, फ्लैशलाइट ❑ किट एक बैग में रखें जो तुरंत उठाकर निकला जा सके। ❑ अफवाहों से बचें, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें ❑ सरकारी ऐप (एनडीएमए), एआईआर, और विश्वसनीय स्रोतों से ही अपडेट लें। ❑ फेसबुक पर फैली खबरों की पुष्टि करें। ❑ मानसिक संतुलन बनाए रखें ❑ दिन में 2 बार से ज्यादा खबरें न देखें। ❑ पूजा, प्रार्थना या ध्यान करें। बच्चों से डर की बात नहीं, दिनचर्या बनाए रखें (खेल, पढ़ाई, कहानियां)। ❑ समुदाय के साथ जुड़ें ❑ पड़ोसियों से संपर्क रखें, बुजुर्गों की सहायता करें। ❑ कोई भी संदिग्ध चीज दिखे तो पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर डालें। ❑ फैक्ट-चेक वेबसाइट से सत्यापन करें। ❑ याद रखें-हिम्मत शोर नहीं करती, तैयारी करती है ❑ अपने भीतर डर को जगह न दें, बस तैयारी रखें। ❑ संगीत, खाना बनाना, किताबें, या बच्चों के साथ समय बिताएं।

## प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन 19 से 24 मई तक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 का आयोजन 19 से 24 मई 2025 तक दीव में करवाया जाएगा, जिसके लिए हरियाणा राज्य की कबड्डी तथा सेपक टाकरा खेल की टीमों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाएगा। कबड्डी टीम के लिए स्थानीय जींद बाईपास चौक स्थित सूरजमुखी कबड्डी एकेडमी में तथा सेपक टाकरा टीम के लिए जिला के गांव रूड़की स्थित यश कॉलेज ऑफ एजूकेशन में ट्रायल के माध्यम से 11 मई 2025 को चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन खेलों की ट्रायल सीनियर आयु वर्ग में ली जाएगी। चयन में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र-दसवीं की मार्कशीट, स्कूल बोनाफाईड सर्टिफिकेट व हरियाणा डोमिसाईल की प्रतियां तथा अपना एक पासपोर्ट साईज फोटो लेकर निर्धारित स्थान पर सुबह 9 बजे पहुंचें।



**इंतकाल चढ़ाने के नाम पर रुपये मांगे**

## 40 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एक पटवारी को रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एंटी करप्शन ब्यूरों टीम को हनुमान कॉलोनी निवासी वीरेन्द्र ने शिकायत दी थी कि इंतकाल चढ़ाने के नाम पर समरगोपालपुर निवासी पटवारी पवन उससे 40 हजार रुपये मांग रहा है। टीम ने मिली शिकायत पर तुरंत कारवाई करते हुए शुक्रवार शाम को तहसील कार्यालय में दबिश दी और पटवारी पवन को रंगे हाथों 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो टीम के अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो तुरंत एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाएं।



## 10 मई को होने वाली यूजी और पीजी की परीक्षाएं स्थगित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 10 मई को आयोजित होने वाली यूजी व पीजी परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार राज्य में बढ़ते तनावपूर्ण हालात को देखते हुए 10 मई को आयोजित की जाने वाली परीक्षा को स्थगित किया गया है। 10 मई को आयोजित किए जाने वाले पेपरों की परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल कोर्स के दौरान अलग से जारी किया जाएगा।

**नई जिम्मेदारी** | **नवनियुक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने संभाला पदभार**

# सीएम विंडो, जनसंवाद, हरपथ पर प्राप्त हुई शिकायतों का तत्परता से किया जाएगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नवनियुक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने पदभार संभाल लिया है। जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगराधीश अंकित कुमार ने लघु सचिवालय परिसर पहुंचने पर उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। आईएएस 2012 बैच के अधिकारी व नवनियुक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के मध्य तनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की



जा रही हैं। नागरिक संयम बरतें तथा जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर जारी की जाने वाली हिदायतों का कत्तव्य मानकर पालन करें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की तरफ से ब्लैकआउट के आदेश प्राप्त होते हैं तो जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न मीडिया माध्यमों से आम जनता तक संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं, सीएम विंडो जनसंवाद, हरपथ इत्यादि पर प्राप्त शिकायतों का तत्परता से समाधान किया जाएगा। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लैकआउट के संदेश पर नागरिक इसे अपना कत्तव्य मानते हुए गंभीरता से लागू करें। ब्लैकआउट की स्थिति में बिजली की लाइट, सोलर लाइट, इंवर्टर या जनरेटर के साथ-साथ गैस व इलैक्ट्रिक उपकरण बंद करें। घर के अंदर रहें व खिड़कियों व बालकनियों से दूर रहें। यदि ब्लैकआउट के समय गाड़ी चला रहे है तो तुरंत किनारे पार्क करें।

#### अधिकारियों के साथ की बैठक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों कि बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वे भारत-पाकिस्तान के मध्य तनाव के दृष्टिगत ब्लैकआउट की तैयारियां करें। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी सायरन के प्रबंध किए जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ब्लैकआउट की स्थिति में शहर में प्रत्येक घर तक सायरन का संदेश पहुंचे।

Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
RPS GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by AICTE/DGHE (Govt. of India) & Affiliated to IGU Rewari/HSBTE, Panchkula
ENGINEERING | POLYTECHNIC | MANAGEMENT | DEGREE COLLEGE | VETERINARY
Indira Gandhi University Meerpur, Rewari
इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी
NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
APPROVED BY DGHE / GOVT. OF HARYANA
LALA LAJPAT RAI UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, HISAR
लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार
VETERINARY COUNCIL OF INDIA
APPROVED BY ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION
One of the Premier & Biggest Educational Groups of Northern India
TOTAL INSTITUTIONS 24 | TOTAL STUDENTS 55K+ | TOTAL ALUMNI 40K+ | HIGHEST PACKAGE 46 LPA | TOTAL COURSES 33
Super Achievements 2024-25
GATE NET/JRF 37 Students | GOLD MEDALISTS OF I.G. UNIVERSITY 26 Students | IIT / JAM 34 Students | UNIVERSITY POSITIONS 383+ Students
Begin your College Journey towards a Glorious Future...
SUNDAY, 25th MAY, 2025
TIMING : 10:00 AM ONWARDS
VENUE : RPS COLLEGE CAMPUS
Announces
TALENT HUNT Cum SCHOLARSHIP TEST
(To get into Higher Studies)
for XII PASSED OUT STUDENTS ALL STREAMS
NO REGISTRATION FEE
You can Win Prizes worth Lakhs of Rupees & upto 100% Scholarship

| STREAM | 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize |
|---|---|---|---|
| Med./ Non - Med. | Laptop | Tab | Android Phone |
| Arts | Laptop | Tab | Android Phone |
| Commerce | Laptop | Tab | Android Phone |

Scholarship upto 100% in Tuition fee

| STREAM | POSITIONS | SCHOLARSHIP |
|---|---|---|
| SCIENCE ARTS & COMM. | 4th- 5th | 100% |
| | 6th - 10th | 70% |
| | 11th - 20th | 50% |
| SCIENCE & ARTS | 21st- 30th | 30% |
| | 31st - 50th | 20% |

REGISTER ONLINE ON: www.rpsinstitutions.org www.rpsdegreecollege.edu.in
For Stream-wise Syllabus, Exam Pattern & Other details
Visit our website: www.rpsinstitutions.org | www.rpsdegreecollege.edu.in
ADMISSIONS OPEN Session : 2025-26
17 SCHOOLS CLASSES FROM Nursery to XII
Courses Offered
B.Tech. CSE | CSE AI & ML ECE | ME | CE | EE
M.Tech. CSE | ECE | ME
B.Sc. Major in PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY
B.V.Sc. & A.H. BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE
POLYTECHNIC CE | ME
B.Sc. Hons with Research PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY
VLDD VETERINARY LIVESTOCK DEVELOPMENT DIPLOMA
BCA | BBA | MBA
M.Sc. PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY | GEOGRAPHY
B.Ed.
B.Sc. MEDICAL & NON-MEDICAL Physical Science & Life Science
B.A. | B.Com. | M.Com.
WORLD CLASS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS (AC/ NON-AC)
BUS FACILITY UPTO 80 KMS.
01285-241430/1/2, 8222888337/8, 8222999153
8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Haryana (NCR)
Continue...

## खबर संक्षेप



### बैटरी चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बैटरी चोरी की वारदात में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियो को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि इस्माइला निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर थाना कलानौर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि इंडस कंपनी का टावर काहनौर में लगा हुआ है। 8 मार्च 2024 को रात के समय टेक्नीशियन ने फोन कर बताया कि काहनौर साइट से अज्ञात युवकों ने 24 बैटरी चोरी कर गाड़ी में लोड़ करने के लिए रोड पर रखी है। गाड़ी धसने के कारण अज्ञात युवक बैटरी व गाडी मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

### अधिकारी मुख्यालय पर रहना करें सुनिश्चितः डीसी

**रोहतक।** नवनियुक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला में कार्यरत राज्य सरकार-बोर्ड-निगम-अंडरटेकिंग-विश्वविद्यालय इत्यादि के सभी अधिकारी व कर्मचारी आगामी आदेशों तक मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करें तथा कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मुख्यालय न छोड़े।

### राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित : सीजेएम

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में स्थानीय न्यायिक परिसर में 10 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार स्थगित कर दिया गया है। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भविष्य में सूचित कर दिया जाएगा।

### वेद मंत्रों के साथ स्थापना दिवस उत्सव का आगाज



**रोहतक।** आर्यसमाज रूप नगर का 44वां स्थापना दिवस समारोह हवन यज्ञ के साथ प्रारम्भ हुआ, जिसमें दस परिवारों ने आहुतियां डालकर सर्व मंगल की कामना की। कोलकाता से आए विख्यात संगीतकार डॉ. कैलाश कर्मठ ने जप ले प्रभु का नाम रे प्राणी, जप ले प्रभु का नाम, कालचक्र का भेद न पाए, क्या जाने किस पल हो जाए, इस जीवन की शाम सुनाकर मानव जीवन के उद्देश्य को रेखांकित किया।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। बहुअकबरपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गद्दी खेडी निवासी नीरज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 24 दिसंबर 2024 को नीरज ने अपनी मोटरसाइकिल को अनलॉक करके अपने घर के आंगन में खड़ा किया था। बाद में देखा तो बाइक नहीं मिली।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में विनय ने जीता गोल्ड

**रोहतक।** खंड के गांव भैंसरु खुर्द के खिलाड़ी विनय सहरावत ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया। शुक्रवार को उनके गांव पहुंचने पर पंचायत व ग्रामीण और महिलाओं ने फूलों व नोटों की माला पहनकर स्वागत किया। विनय ने बताया कि बिहार में खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन हुआ था। जिसमें हरियाणवी की टीम ने भी भाग लिया था। जो प्रथम रही। सरपंच पुनीत कुमार ने पंचायत की तरफ से नोटों की माला पहनकर स्वागत किया।

## 10 पार्षद बैठक छोड़कर बाहर आए, दो रहे गैरहाजिर

# सदन की बैठक में भाजपाई आपस में भिड़े, पार्षद बोले- हमारा अपमान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की शुक्रवार को जिला विकास भवन के डीआरडीए हॉल में हुई बैठक में भाजपा के पार्षद आपस में भिड़ गए। चार एडहॉक कमेटियों के गठन को लेकर सलाह न लेने से नाराज 10 पार्षद बैठक छोड़कर बाहर आ गए। जबकि दो पार्षद गैर हाजिर रहे। पार्षदों ने कहा कि हमारा अपमान हुआ है। उन सभी दस पार्षदों ने कैनाल रेस्ट हाउस के कांफ्रेस रूम में अपनी अलग से बैठक की। भाजपा के ही मेयर बाहर आए और बोले, बैठक छोड़कर जाने वाले पार्षद किसी के मार्गदर्शन में ऐसा कर रहे हैं। अपमान किसी का नहीं हुआ है। अब कमेटियों के गठन के लिए दोबारा से बैठक होगी। नगर निगम एक्ट के तहत बैठक के संचालन के लिए चार कमेटियों का गठन किया जाता है। इसमें वित्त कमेटी, सड़क व भवन कमेटी, सुंदरता एवं सफाई कमेटी पेयजल व सीवरेज कमेटी है। इसमें वित्त कमेटी सबसे अहम होती है, जो नगर निगम के वित्त संबंधी प्रस्ताव पास करके सदन के सामने रखती है। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने शुक्रवार को चारों कमेटियों के गठन के लिए सुबह 11 बजे बैठक बुलाई। सदन में 22 में मेयर रामअवतार वाल्मीकि के अलावा 16 पार्षद भाजपा के हैं। इसके अलावा छह पार्षद निर्दलीय हैं। जबकि विपक्षी दल कांग्रेस के दो पार्षद हैं। वार्ड-7 के पार्षद कपिल नागपाल ने कहा कि कमेटियां गठित करने के लिए बैठक हुई। मेयर से पूछा गया कि कमेटियां गठित करने के लिए सभी से चर्चा होनी चाहिए थी। इसी बीच एक पार्षद बोले, बैठक में बैठना है तो बैठ जाए, नहीं तो चले जाएं। इस पर मेयर ने उस पार्षद को टोका तक नहीं। अपमान के कारण वह बैठक से बाहर आएं हैं।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते मेयर रामअवतार बाल्मिकि।



**रोहतक।** कैनाल रेस्ट हाउस में मीटिंग करके बाहर आते विभिन्न वार्ड पार्षद।

### इन पार्षदों ने छोड़ी बैठक

बैठक छोड़कर बाहर आने में वार्ड तीन से ज्योति बोहत, पांच से सुरेश किराड़, छह से नीरा भटनागर, सात से कपिल नागपाल, 12 से सुशील नांदल, 13 से कृष्णा देवी, 15 से अनीता मिगलानी, 17 से डिंपल जैन, 18 से बेबी रानी रोहिल्ला व 21 से बिजेंद्र बैरागी शामिल हैं।

### शहर की जनता के लिए यह गलत, किसी के मार्गदर्शन में यह सब हुआ : मेयर

मेयर रामअवतार बाल्मिकि ने कहा कि बैठक छोड़कर जाने वाले पार्षद ही फोन करके कह रहे थे कि बैठक करके एडहॉक कमेटियां गठित की जाएं। 22 में से 21 पार्षद उसके घर आकर एक-एक घंटा बैठकर चर्चा करके गए हैं। चर्चा न करने का आरोप लगता है। हकीकत यह है कि बैठक छोड़कर जाने वाले पार्षद किसी के मार्गदर्शन से चल रहे हैं, जो शहर के लिए गलत है।

### आरोप : कमेटियां गठित करने के लिए सलाह नहीं ली

सदन की बैठक विकास भवन के डीआरडीए हॉल में हुई, जिसमें महिला पार्षद ज्योति सैनी व मनीष नांदल को छोड़कर 20 पार्षद पहुंचे। जैसे ही सदन में कमेटियां गठित करने का प्रस्ताव आया तो कहा गया कि वित्त कमेटी में केवल दो पार्षद रखे जाएंगे। इस पर पार्षद भड़क गए, बोले जब पहले से तय है तो सदन की बैठक क्यों बुलाई गई है। उनसे कमेटियों को लेकर बैठक नहीं की गई है।



### बच्चे की पहली गुरु होती है मां

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रत्येक गतिविधि में भाग लिया और अपनी माता के प्रति स्नेह प्रकट किया। विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपना प्यार व्यक्त करने के लिए ग्रीटिंग कार्ड, बुके और कोलाज मेकिंग, हैंड मेड फ्लावर बनाए। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मां के प्रति अपने श्रद्धा भाव व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं, भाषण व गीतों में दर्शाया कि मां अनमोल खजाना है, जिसके आगे सभी खजाने व्यर्थ हैं। प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना ने बच्चों को बताया कि मां का बच्चों के जीवन में बहुत महत्व है। बच्चे की पहली गुरु मां ही होती है, जिसकी छाया में रहकर बच्चा सब सीखता है इसलिए आप सबको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए।

*जीवन राम बशेशर लाल स्कूल में मनाया मदर्स डे*

## बच्चों ने नृत्य, गान और संस्कृत गीतों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जनता कॉलोनी स्थित जीवन राम बशेशर लाल (रानीलवाला) सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में प्रज्ञा साहित्यिक मंच के तत्वाधान मदर्स डे मनाया गया। बच्चों ने स्वागत गीत गाया और समूह नृत्य, समूह गान और संस्कृत गीतों से मन मोह लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण नौनिहालों की माताओं द्वारा बच्चों के साथ रैंप वॉक रहा। पूजा एवं सोनी को फर्स्ट रनर्स अप मदर और कोमल रानी को बेस्ट मदर के पुरस्कार से नवाजा गया। मातृ दिवस के सम्मान में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। हर्षिता जैन ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, कशिश वर्मा ने द्वितीय एवं खुशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में पूजा शर्मा प्रथम, पुनीत द्वितीय और निधी मौर्य तृतीय, पोस्टर मेकिंग में साक्षी प्रथम, कीर्ति जैन और कृष्ण दक्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने कहा कि बच्चों को मार्क्स के जाल में न फंसा कर एक अच्छा इंसान बनाएं। प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह खोखर ने सभी अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया। मंच संचालन शिक्षिका रचना, भानु मल्होत्रा और छात्रा हर्षिता जैन और कशिश वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, मंजू राजोतिया, प्रसन्नी देवी, संगीता, सीमा, दिव्या, शीला गोयल, भारती कौशिक, राधिका, रविंदर, ज्योति, पिंकी, रजनी, कविता, ममता आदि मौजूद रहे।



## डांस में पूजा और रैंप वॉक में साक्षी प्रथम

- डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मातृदिवस उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मातृदिवस उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ डीएवी गान से हुआ। सभी छात्रों ने अपनी अपनी माताओं के लिए 'मदर्स-डे' पर विशेष कार्ड व बुके बनाए। इस विशेष दिन के उपलक्ष में विद्यार्थियों की माताओं के लिए अनेक प्रतियोगिताओं जैसे रैंपवॉक, मां और मैं, डांस-मॉम्स मैजिकल डांसिंग मूव्स व म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डांस प्रतियोगिता में पूजा गुलिया ने प्रथम स्थान, वंदना ने दूसरा तथा कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रैंप वॉक में साक्षी ने प्रथम, प्रियंका व प्रीति ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मनु, रितू, डॉ. सुमन रानी व मनीषा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा म्यूज़िकल चेयर प्रतियोगिता में रचना ने प्रथम व प्रीति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने छात्रों को बताया कि मां की ममता और स्नेह तथा पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने व निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं।





### भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान कलानौर में मनाया मातृ दिवस, बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

रोहतक। भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान कलानौर में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्थान के सभी दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य, कविता पाठ तथा नाटक शामिल थे। इस आयोजन की विशेष आकर्षण का केंद्र बच्चों द्वारा बनाई गई एक कलात्मक दीवार रही, जिसे उन्होंने प्राकृतिक दृश्यों और मातृत्व की भावना को दर्शाते हुए सजाया। यह दीवार दर्शकों के लिए एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है और यह साबित करती है कि दिव्यांग बच्चे भी अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता से समाज को चौंका सकते हैं। संस्थान के प्रबंधक, शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

**तैयारी** पंचायत अधिकारी अंजली शर्मा ने कहा- अलर्ट रहने की जरूरत, पैनिक नहीं होना

*नगर पालिका ने बड़े गुरुद्वारे में भी भोंपू लगाने के दिए निर्देश*

# महम खंड की सभी 36 पंचायतों ने खरीदे सायरन, ऊंचे स्थानों पर किए इंस्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय की ओर से महम खंड की सभी 36 ग्राम पंचायतों को शुक्रवार शाम तक सायरन खरीदने के निर्देश दिए थे। पंचायत अधिकारी अंजली शर्मा ने निर्देश दिए थे कि शाम तक ये सायरन गांवों में ऊंचे स्थानों पर लगा भी दिए जाने चाहिएं। ग्राम सचिव कैलाश और रामनिवास नहरा ने बताया कि अधिकतर ग्राम पंचायतों ने सायरन खरीद लिए हैं और उन्हें लगा भी दिया है। उधर नगर पालिका महम के सचिव नवीन नांदल ने भी प्रधान भारती पंवार के ससुर फतेह सिंह से बातचीत की और कहा कि आज ही शाम तक सायरन खरीदकर शहर के बड़े गुरुद्वारा पर लगा दिया जाए। नगर पालिका अधिकारियों का दावा है कि शहर के लिए एक बहुत ही उत्तम क्वालिटी का भोंपू खरीद लिया है।





**महम।** बैठक के बाद पंचायत अधिकारी अंजली शर्मा को सम्मानित करते महम खंड के ग्राम सचिव और मोखरा खास पंचायत में ग्राम पंचायत द्वारा लगाया गया भोंपू।
फोटो : हरिभूमि

### ग्राम सचिवों के साथ की बैठक

पंचायत अधिकारी अंजली शर्मा ने इस संबंध में ग्राम सचिवों की एक मीटिंग ली। उस मीटिंग में उन्होंने बताया कि जब लंबा सायरन बजे तो ग्रामीणों को लाइटें बंद कर देनी हैं। उसके बाद जब भी हल्का सा सायरन बजे, तो उसके बाद लाइटें जला सकते हैं। अंजलि शर्मा ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करें। आपात स्थिति से निपटने के लिए सहयोग करें। लेकिन किसी को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



### मां का आदर व सत्कार करेंः किरण

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन रोज सदन द्वारा किया गया। कक्षा आठवीं से तनीषा व श्रुति ने मातृ दिवस पर भाषण दिया, इसके अतिरिक्त कक्षा छठी से आद्या व एलकेजी से सम्यक ने मां को धन्यवाद करते हुए कविता वाचन भी किया। कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने मां को समर्पित गीतों पर सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी बच्चों के लिए मैजिक शो का भी आयोजन किया गया। जिसे देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा मां को नमन ग्रुप सॉन्ग भी प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन मनीषा ने किया। प्रधानाचार्य किरण पाहवा ने बच्चों से कहा कि वे उनका आदर व सत्कार करें और उनके सपनों को पूरा करें। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्धन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, किरण पाहवा, कोडिनेटर मंजु सहित अन्य उपस्थित रहे।




### शीतल स्पोर्ट्स स्कूल में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस (लिबर्टी, इक्वालिटि, हारमनी और जस्टिस) के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता दो श्रेणी (जूनियर और सीनियर) में हुई। इस प्रतियोगिता में हिंदी व्याकरण से संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए। जूनियर श्रेणी में इक्वालिटि हाऊस प्रथम तथा हारमनी हाऊस द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर श्रेणी में लिबर्टी हाऊस प्रथम तथा हारमनी हाऊस और इक्विलिटि हाऊस द्वितिय स्थान पर रहा। निदेशिका राजवंती हुड्डा तथा प्रधानाध्यापक अनिल हुड्डा ने विजेता टीम की सराहना की।



### मां का प्रेम होता है निःस्वार्थ व अनमोल

**रोहतक।** स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। मातृ दिवस के अवसर पर सभी माताओं को आमंत्रित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नैतिक और पारिवारिक मूल्यों को विकसित करते हैं। मां का प्रेम निःस्वार्थ और अनमोल होता है। विद्यार्थियों को मां का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने तरीके से मां को सलाम किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से मां की ममता, त्याग और दया का महत्व बताया। इसके अलावा, माताओं के लिए भी विभिन्न खेल आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि बैंक मैनेजर योगिता देशवाल ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के जीवन में मां का महत्व बताते हुए कहा कि मां का स्थान दुनिया में सबसे ऊंचा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार और मां के प्रति कृतज्ञता की भावना विकसित होती है। स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बच्चों का जीवन बनाने में मां का बहुत योगदान होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल, उपप्रधानाचार्य अमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



### बच्चों ने अपने जीवन में मां का महत्व बताया

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर स्कूल में कई तरह की गतिविधियां करवाई गईं। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर सुंदर कार्ड बनाए तथा कविता वाचन किया। इन कविताओं के माध्यम से बच्चों ने अपने जीवन में अपनी मां के महत्व के बारे में बताया। कक्षा चौथी की छात्राएं अपनी माताओं की तरह तैयार होकर आईं और उन्होंने अभिनय प्रस्तुत किया जो बड़ा ही मनमोहक था। प्रधानाचार्या नोमिता बत्रा ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को अपनी मां का आदर करने तथा उनका कहा मानने के लिए प्रेरित किया।



### एमडीएन स्कूल में मातृदिवस पर कार्यक्रम

**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर रेनू नरवाल और प्रधानाचार्या मीनू टहल्यानी ने किया। छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना व मातृभक्ति पर आधारित कविताओं, नाट्य प्रस्तुतियों एवं गीत-संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें मातृत्व की महिमा का मार्मिक चित्रण किया गया। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों की माताओं ने रैंप वॉक किया। इस प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय,पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा पूजा नान्दल को सुपर मॉम के टाइटल से नवाजा गया। विद्यालय की ओर से सभी माताओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## खबर संक्षेप

### सिविल डिफेंस के किए जाए पुख्ता प्रबंधः डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने भारत-पाक के बीच युद्ध की आशंकाओं के मद्देनजर जिला में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश जारी किए है। उपायुक्त शुक्रवार को सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग-अलग विभागों के अधिकारियों से तैयारी के बारे में जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के पास सभी विभागों की वस्तुस्थिति सूची उपलब्ध रहनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में तुरंत प्रभाव से संसाधनों का प्रयोग किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आपात स्थिति के मद्देनजर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के अलावा सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के हिसाब से सायरन की स्थापना सुनिश्चित की जाए और सायरन को ऑन करने के लिए समर्पित स्टाफ तैनात किया जाए।

### वार्षिक प्रदर्शनी डीएलसी सुपवा में हुई शुरू

**रोहतक।** स्टूडेंट्स शोकेस वार्षिक कला प्रदर्शनी शुक्रवार को डीएलसी सुपवा में शुरू हुई। साल भर काम करके छात्रों द्वारा विकसित कला उत्पादों को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए हर साल दृश्य कला संकाय द्वारा इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। चार दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एचके अग्रवाल ने कुलपति डीएलसी सुपवा, प्रोफेसर श्रीप्रकाश, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक, दृश्य कला संकाय प्रमुख विनय कुमार और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और संकाय सदस्यों की उपस्थिति में किया। 300 से अधिक छात्रों की 1000 से अधिक कलाकृतियों की महत्वपूर्ण श्रेणियों में जागरूकता, सामाजिक संदेश, चित्रण, विज्ञापन, तेल चित्रकला, ऐक्रेलिक पेंटिंग, स्थापना कला, साइट विशिष्ट कला, मिट्टी और फाइबर कला मूर्तियां, फोटोग्राफी, स्केचिंग, क्ले मॉडलिंग और स्टिल एवं लघु पेंटिंग आदि शामिल हैं।

### भारत तकनीकी क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा

**रोहतक।** विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी विकास के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग में विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने कहा कि भारत नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी के प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा तथा डीन आर एंड डी प्रो. हरीश दूरेजा ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।

एक दिवसीय कांफ्रेंस में लोगों को रोग के लक्षण व बचाव बताए

# भारत को हिमोफिलिया मुक्त बनाने के लिए जागरूकता जरूरीः एसके सिंघल

हर मां बाप जन्म से पहले बच्चे की जांच करवाएं कि उसे हिमोफिलिया तो नहीं है, बचाव के तरीके अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यदि हमें अपने देश को हिमोफिलिया मुक्त बनाना है तो उसके लिए हमें अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाना होगा। जब सभी लोगों को हिमोफिलिया के लक्षण और उससे बचाव के तरीकों के बारे में पता चलेगा तभी हम अपने देश को हिमोफिलिया मुक्त बना पाएंगे। आज हम सबको मिलकर एक प्रण लेना चाहिए कि हमें प्रयास करना है कि हर मां बाप जन्म से पहले बच्चे की जांच करवाएं कि कहीं उसे हिमोफिलिया तो नहीं है। यह कहना है पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल का। वें शुक्रवार को एलटी वन में मेडिसन, शिशु रोग विभाग द्वारा फिमोफिलिया सोसायटी के साथ मिलकर आयोजित की गई एक दिवसीय कांफ्रेंस में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे थे।



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल। *फोटो : हरिभूमि*

डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. धूरव चैधरी ने बताया कि यह बीमारी मां बाप को ना हो तो भी बच्चे में हो सकती है, इसलिए समय पर जांच जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके इलाज में क्या नया आया है। डीन डॉ. कुलदीप लालर ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम किसी भी बीमारी से लडने में बडा ही जरूरी कदम है।

डॉ. सुधीर अत्री ने बताया कि हिमोफिलिया एक जेनेटिक डिसीज है। उन्होंने बताया कि फैक्टर 8 से हिमोफिलिया ए होता है और फैक्टर 9 से हिमोफिलिया बी होता है। उन्होंने बताया कि जीन थैरेपी से इसका इलाज किया जा सकता है। डॉ. सुधीर अत्री ने बताया कि हमें क्या डोज देनी चाहिए। डॉ. अल्का यादव ने बताया कि आज व्याख्यान देने के लिए नई दिल्ली से डॉ. नरेश गुप्ता, हिसार से डॉक्टर मालिका व अंबाला से डॉ. विनित को बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक रक्तस्त्राव, मामूली चोट लगने पर भी खून बहना जारी रहता है, आंतरिक रक्तस्त्राव,मांसपेशियों और जोड़ों में रक्तस्त्राव, नाक से खून, मल से रक्त और बिना वजह अत्यधिक थकान इसके लक्षण हो सकते हैं। डॉ. नरेश गुप्ता ने नेशनल पॉलिसी ओंन करंट ट्रीटमेंट गाइडलाइंस पर चर्चा की। डॉ. विनीत ने नवीनतम इलाज के तरीके के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वह आरसी कालेज से प्रोफेसर डॉक्टर सुचेता यादव का सहयोग देने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त करती हैं। डॉ. डिंपल ने बताया कि फिजियोथैरेपी हिमोफिलिया मरीजों के इलाज में बहुत कारगर साबित होती है। इस अवसर पर डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. मोनिका, एसपीएम विभाग से डॉक्टर वरुण अरोड़ा, हीमोफीलिया सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अजय, संजय, ज्योति, हंसराज बबीता, विष्णु गोयल करीब 80 मरीज उनके परिजन सहित काफी लोग ऑनलाइन माध्यम से वर्कशॉप से जुड़े रहे।

#### एक डे केयर सेंटर पर कराएं जांच व इलाज

डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि पीजीआईएमएस में हिमोफिलिया के मरीजों के लिए एक डे केयर सेंटर बनाया गया है, जहां मरीजों की सभी जांच व इलाज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आज सुनो नहरों की पुकार एनजीओ के सदस्यों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से बहुत अच्छे से हीमोफीलिया के बारे में आमजन को जागरूक किया। डॉ. सिंघल ने कहा कि हिमोफिलिया के इलाज के लिए कई विभागों को मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हिमोफिलिया के मरीजों को खुद को बीमार नहीं समझना चाहिए क्योंकि इसका इलाज उपलब्ध है।



### मां ईश्वर का ही दूसरा रूप : प्रधानाचार्या

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ 'मदर्स डे' मनाया। नर्सरी और एलकेजी तथा कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने मां को समर्पित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं विद्यार्थियों की माताओं ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी मां के लिए शुभकामना संदेश लिखकर कार्ड, हैंगिग, टियारा, फ्रेम, फूलों के गुलदस्ते बनाए, रुमाल पर मां का नाम लिखा और फूलदान सजाए। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने कहा कि मां हम सब के लिए पूजनीय है। वह एक ऐसे वृक्ष के समान है जो अपनी छाया में सब को समेटे रहती है। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कहा कि मां ईश्वर का ही दूसरा रूप है। हमें अपनी मां का सदैव सम्मान करना चाहिए और उनकी कही हर बात को मानना चाहिए।




### कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष में केवीएम नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग डेज से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जीवनी देवी और कॉलेज प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान ग्रुप डांस, मोनो एक्ट, पोस्टर मेकिंग, रंगोली कंपटीशन, स्किट कंपटीशन, मिस पर्सनालिटी, कांटेस्ट क्विज कंपटीशन, पेंटिंग कंपटीशन और स्केच पेंटिंग आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य ने नर्सिंग प्रोफेशन को स्वास्थ्य सेवाओं के रीढ़ की हड्डी बताया और सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाविप रोहतक ने 39वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत विकास परिषद रोहतक शाखा द्वारा शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में सत्र 2025 26 के लिए नए दायित्वधारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं 39वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता, सचिव विजय गुप्ता और कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश सेतिया को प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल ने परिषद के कार्य करने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर शाखा के संरक्षक एवं संस्थापक सचिव चंद्रसेन जैन ने कहा कि रोहतक शाखा ने समाज सेवा में अपनी अलग पहचान बनाई है। संस्थापक सदस्य सुरेश बंसल ने कहा कि रोहतक शाखा समाज में हर संभव मदद देने के लिए सदैव तैयार है। कार्यक्रम अध्यक्ष हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल ने कहा कि आज हमें आने वाली युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने की जरूरत है। राष्ट्रीय गतिविधि सह संयोजक गीता गुप्ता ने बताया कि परिषद में पारिवारिक दायित्व है। सभी महिला और पुरुष मिलकर समाज सेवा के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान देते है। संगठन के प्रति नैतिक दायित्व हमारा स्थाई दायित्व है।



## जेआईटीओ संगठन का विस्तार, राजेश जैन जिला मुख्य संरक्षक किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खरावड़ बाईपास स्थित एलपीएस बोसार्ड में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेआईटीओ) की बैठक हुई, जिसमें जिला स्तर संगठन का विस्तार करते हुए समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन, यूपीएस लक्ष्मी के डायरेक्टर विजय जैन, प्रदीप जैन व मनीष जैन को जिला मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि इस ऑर्गनाइजेशन का मुख्य उदेश्य जैन सिद्धांतों के अनुरूप समाज व राष्ट्र की तरक्की में सहयोग करना है और इस संगठन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान भी बनाई है। हाल ही में जेआईटीओ द्वारा प्रस्तावित जैन सिद्धांत के नवकार महामंत्र दिवस मनाने का भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने जेआईटीओ द्वारा जिला मुख्य संरक्षक नियुक्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वही समाज तरक्की कर सकता है जो आज पूरी तरह से एकजुट है। जैन सिद्धांतो के अनुरूप ऑर्गनाइजेशन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया में प्रांसगिक है। साथ ही जैन सिद्धांत हमेशा मानवता कल्याण को समर्पित है।



#### कार्यक्रम में इन्होंने किए विचार साझा

जेआईटीओ नार्थ जोन चेयरमैन रमन जैन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति समाज से अलग नहीं रह सकता और कोई भी समाज समूहों के बिना नहीं रह सकता है। इस अवसर पर संगठन के चीफ सेक्रेटरी विकान जैन, गुरूग्राम से चेयरमैन शैलेश जैन, चीफ सेक्रेटरी संजय जैन, वाइस चेयरमैन राजकुमार, आदित्य, अर्पित जैन ने भी अपने विचार सांझा किए। रोहतक से सिद्धार्थ जैन, दीपक जैन, विनोद जैन, नीरज जैन, आरके जैन, राजीव जैन, विपीन जैन, सिद्धार्थ जैन सन्नी, सौरभ जैन, एडवोकेट अरूण, गौतम जैन, विजय जैन, सीएम सुनील जैन, अंकुश जैन, दीपा जैन, संध्या जैन, स्मृद्धि जैन, चारूल जैन, ऋचा जैन, मधु जैन को सरंक्षक नियुक्त किया गया।

### पंचायत अधिकारी अंजलि शर्मा का तबादला

**महम।** खंड कार्यालय में कार्यरत समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी अजंलि शर्मा का महम से तबादला हो गया है। शुक्रवार वे यहां से रिलीव हो गई और उनकी विदाई में एक समारोह आयोजित किया गया। अंजलि की महम में पहली पोस्टिंग थी। अब वे जुलाना खंड कार्यालय में पंचायत अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करेंगी। इसराना खंड की एसईपीओ ज्योति पंचायत अधिकारी का कार्य संभालेंगी।

## प्रतिदिन करना चाहिए मां का सम्मान : शालिनी गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में मदर्स डे की उपलक्ष में कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि सीनियर विंग में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भाषण कविता और स्किट के माध्यम से अपनी मां के महत्व को अभिव्यक्त किया। वहीं जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में विभिन्न स्किट, डांस, स्पीच व मनमोहन कविताओं के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया। बच्चों ने अपनी भावनाएं अपनी मां को पत्र लिखकर अभिव्यक्त की। इस अवसर पर प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने कहा कि केवल एक दिन के लिए मदर्स डे पर मां का सम्मान नहीं करना चाहिए बल्कि प्रतिदिन उन्हें सम्मान देना चाहिए क्योंकि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है।



**महम।** पोस्ट बनाकर दिखाते एचडी स्कूल खेड़ी महम के नन्हें मुन्ने बच्चे।



### 20 एकड़ भूमि में विकसित अवैध कॉलोनी को तोड़ा

**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्ध तोड़फोड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को गांव मायना में लगभग 20 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान मायना गांव में लगभग 20 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में चार अवैध निर्माण, 20 नींव, सीवरेज नेटवर्क एवं पक्का रोड़ नेटवर्क को तोड़ा गया। अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी व निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।

## बच्चे गतिविधियों से जल्दी सीखते हैं : प्रधानाचार्या

- जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नन्हे मुन्नों ने मनाया ब्लू डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए ब्लू डे सेलिब्रेशन हुआ, जिसमें नर्सरी व केजी के नन्हें मुन्नों ने शिरकत की। विद्यालय के नन्हें छात्र, विद्यालय प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्य और अध्यापक ब्लू ड्रेस में विद्यालय पहुंचे। बच्चों के लिए रोचक और मज़ेदार गतिविधियां करवाई गई। कक्षा को ब्लू प्रॉप्स बादल, पतंग, स्टारफिश, डॉल्फिन, बॉल, गुब्बारे, तितली, स्टार, ड्रेस, बोतल, फूल से सजाया गया। बच्चों ने ब्लू रंग की पहचान कर अनेक ऑब्जेक्ट्स में रंग भरे व ब्लू रंग की वर्कशीट्स हल की। फील ब्लू, शाइन टू, ओसिएन्स आर ब्लू, ब्लू स्काई, ब्लैस्ड लाइफ स्लोगन बोलकर इस दिन का लुत्फ़ बच्चों ने बैलून गेम खेल कर उठाया । बच्चों को बताया कि ब्लू रंग आकाश और पानी दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। नीले रंग से बैक्टीरिया और मच्छर दूर रहते हैं। यह रंग घर में स्वास्थ्य, खुशी, शांति, बल, पौरुष और सफलता जैसी अच्छी चीजें लाने वाला माना जाता है, जो हमें ऊर्जा और खुशी का एहसास कराता है। प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने कहा कि बच्चे गतिविधियों के माध्यम से जल्दी सीखते हैं व याद रख पाते हैं। बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर तरह-तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि ब्लू रंग सकारात्मकता, चिंता से मुक्ति, वफादारी, आत्मविश्वास, बौद्धिक प्रगति व शांतिप्रद आकर्षक चुम्बकीय शक्ति प्रदान करता है।



### सूचना

मैं, राकेश पुत्र श्री जगदीश निवासी गांव ब्राह्मणवास जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री नीतू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कार्यालय सब-रजिस्ट्रार, महम

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे कार्यालय में बलदेव सिंह पुत्र सन्तराम निवासी नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, महम, तहसील महम, जिला रोहतक ने उसकी पत्नी सन्तोष देवी का वसीयतनामा बहक अरविन्द ग्रेवाल पुत्र नीरज कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, महम वसीयतकर्ता के मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने हेतु पेश किया है। यदि किसी शख्स को उपरोक्त वसीयतनामा पंजीकृत होने बारे कोई एतराज है तो वह सब रजिस्ट्रार कार्यालय, महम में विज्ञापन तिथि से 30 दिन के अन्दर असालतन या वकालतन अपना एतराज पेश करे अन्यथा उपरोक्त वसीयतनामा पंजीकृत कर दिया जाएगा।

हस्ता/-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार, महम

15 जून तक सड़कों में नहीं रहेंगे गड्ढे, हर घर को मिलेगा जल

# महम रेलवे स्टेशन तक बनेगी पक्की सड़कः मंत्री

- महम पहुंचे हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा
- सामाजिक समारोह में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भारतीय जनता पार्टी नेता एवं हरियाणा सरकार में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को महम पहुंचे। उन्होंने व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा के आवास पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मांग को पूरा करते हुए उन्होंने कहा कि महम रेलवे स्टेशन तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माझा करवाया जाएगा। यदि एक लिखित प्रार्थना पत्र उनके पास पहुंच जाएगा, तो अगली बार जब वे महम आएंगे तो उससे पहले नेशनल हाइवे से रेलवे स्टेशन तक सड़क बनकर तैयार हो चुकी होगी। मंत्री रणबीर गंगवा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में कायराना आतंकी हमला किया गया। उसका बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने सही समय, लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया।

रणबीर गंगवा ने भारतीय सेना को सैल्युट करते हुए कहा कि आज सारा देश सेना के साथ खड़ा है। वहीं मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हरियाणा में 15 जून तक सभी सड़कों की मरम्मत कर दी जाएगी। इसके अलावा रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार का मिशन हर घर में नल और हर नल को जल जल्द पूरा होगा और पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि एनएच की सड़कों की मरमत व अन्य सुविधाएं मुहैया कराना टोल कम्पनी का काम है। यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है या शिकायत आती है तो उस कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर सोमनाथ गिरोत्रा, वीरू गिरोत्रा, सुशील गुप्ता, नगर पार्षद विकास, वेदप्रकाश धवन व कालू रल्हन समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



**महम।** पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा शहरवासियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*




**महम।** समारोह में बच्चों को संबोधित करती आर्य स्कूल मदीना की निदेशिका लतेश दांगी। *फोटो : हरिभूमि*

### मां होती है भगवान का रूपः लतेश

**महम।** महम उपखंड क्षेत्र के आर्य स्कूल मदीना के प्रांगण में मदर्स डे के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए भाषण, कहानी, लघु नाटिका, एवं सामूहिक नृत्य के द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध किया। वहीं विद्यार्थियों ने कला का प्रदर्शन करते हुए मातृ प्रेम से परिपूर्ण चार्ट मेकिंग, फोटो मेकिंग, बुकलेट मेकिंग, पत्र लेखन इत्यादि लघु कलाकृतियों द्वारा मातृ प्रेम को प्रकट किया। स्कूल निदेशिका लतेश दांगी ने अपने संबोधन में माता-पिता के महत्व को समझाते हुए कहा कि माँ भगवान का रूप है। इसी विषय पर एक लघु कथा सुनाई और बच्चों को माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अशोक दांगी ने अपने समाज में गिरते हुए मानवीय मूल्यों पर चिंता व्यक्त की।

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▶All Vaish School ▶Vedanta School ▶Shiksha Bharti ▶Scholar Rosary ▶St. Pall School ▶ZAD Global School ▶Model School ▶Shivalik School ▶DAV School ▶MRGS School ▶Baba Mast Nath School ▶GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299


UPTO 80% OFF
Elenta Mart A Perfect Hypermarket
GRAND OPENING
TODAY 10TH MAY 2025
ON SHOPPING OF ₹2499 & ABOVE
1 KG SUGAR FREE
LOCATION - ELENTA MART, NEAR APEX HOSPITAL, MODEL TOWN, NEAR KAILASH ASHRAM, ROHTAK.
Shopping का नया Destination
22000+ PRODUCTS UNDER ONE ROOF
CONTACT
93509 99480
GET upto 40% off
ATTA & RICE
GET upto 50% off
Oil, Ghee & Masala
GET upto 60% off
DETERGENT
GET upto 60% off
BEVERAGES
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
*T&C APPLY
Get upto 66% off
Air Freshener
GET upto 50% off
PERSONAL CARE
GET upto 66% off
Household & Cleaning
Get upto 80% off
Bags & Luggage